भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 487

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2024 को दिया जाना है।

.....

तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़ना

487. श्री ए. राजा:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक सरकार तमिलनाडु को विनिर्दिष्ट मात्रा में कावेरी जल जारी नहीं करके कावेरी जल विवाद अधिकरण पंचाट का घोर उल्लंघन कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान अधिकरण द्वारा यथा निर्धारित और कर्नाटक द्वारा जारी किए गए जल की माह-वार मात्रा कितनी है;

(ग) क्या कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी सीडब्ल्यूडीटीए द्वारा यथा निर्धारित जल छोड़े जाने की बात दोहराई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा सीडब्ल्यूडीटीए आदेश को कार्यान्वित कराने और तमिलनाडु में किसानों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के अंतिम पंचाट के अनुसार, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 16.02.2018 के आदेश द्वारा अशोधित किया गया है, उसमें कावेरी नदी बेसिन की कुल जल क्षमता 50% निर्भरता पर लगभग 740 टीएमसी निर्धारित की गई है। उपर्युक्त न्यायालय के आदेश के अनुसार कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के अंतिम पंचाट के अनुसार 740 टीएमसी जल का अंतिम आवंटन निम्नानुसार है :

क्रम संख्या	राज्य	आवंटन
1.	केरल	30.00 टीएमसी
2.	तमिलनाडु	284.75 टीएमसी
3.	कर्नाटक	404.25 टीएमसी
4.	पुडुचेरी	7.00 टीएमसी
5.	पर्यावरण	10.00 टीएमसी
6.	समुद्र की ओर अपरिहार्य जल निकासी	4.00 टीएमसी
	कुल	**740.00 टीएमसी**

टीएमसी = हजार मिलियन क्यूबिक फीट

इसके अलावा, माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 16.02.2018 के आदेश द्वारा अशोधित कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण के अंतिम पंचाट के अनुसार, कर्नाटक राज्य को 177.25 टीएमसी पानी छोड़ना होगा जिसे तमिलनाडु के साथ अंतर-राज्यीय सीमा अर्थात बिलिगुंड्लु (कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण गेज और डिस्चार्ज साइट) पर मापा जाएगा ।

अधिकरण की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि किसी विपदा वर्ष में कावेरी बेसिन का जल उत्पादन कम होता है तो केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु राज्यों और पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र के बीच आवंटित हिस्सेदारी को आनुपातिक रूप से कम किया जाएगा जिसके लिए विनियामक प्राधिकरण को ऐसा करने का अधिकार प्रदान किया जाएगा।

इस आदेश के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान सामान्य जल वर्ष (अर्थात 01 जून से 31 मई) में उपलब्ध कराए जाने वाले निर्धारित प्रवाह की तुलना में बिलिगुंड्लु (कर्नाटक राज्य और तमिलनाडु राज्य के बीच अंतर-राज्यीय संपर्क बिंदु) में वस्तुत: पाए गए मासिक/मौसमी प्रवाह **अनुलग्नक** में दिए गए हैं।

(ग) से (ड़): कावेरी जल विनियमन समिति और कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण की नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिसमें कावेरी बेसिन में जल-मौसम विज्ञान की स्थिति और बिलिगुंड्लु में सुनिश्चित किए जाने वाले प्रवाह की मात्रा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाता है और सभी पक्षकार सदस्य राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से निर्णय लिया जाता है।

दिनांक 11 जुलाई 2024 को आयोजित कावेरी जल विनियमन समिति की 99वीं बैठक में, विनियमन समिति के विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, संयुक्त भंडारण स्थिति के मद्देनजर, कर्नाटक राज्य के चार नामित जलाशयों में अब तक संयुक्त भंडारण स्थिति, वर्षापात की स्थिति तथा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के संबंधित प्रतिनिधी द्वारा अगले तत्कालिक पखवाड़े के दौरान वर्षापात की स्थिति के पूर्वानुमान के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया कि कर्नाटक राज्य को उपर्युक्त जलाशयों से पानी छोडते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिलिगुंड्लु में संचयी जल प्रवाह 1.00 टीएमसी प्रतिदिन (लगभग 1150 क्यूसेक का औसत प्रवाह) हो।

******

अनुलग्नक

"तमिलनाडु के लिए कावेरी का पानी छोड़ना" के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को लोक सभा ने उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 487 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी सामान्य वर्ष में उपलब्ध कराए जाने वाले निर्धारित प्रवाहों की तुलना में बिलिगुंड्लु में पाए गए मासिक/मौसमी प्रवाह

महीना/वर्ष	**प्रवाह (टीएमसी में)**				
	किसी सामान्य वर्ष में निर्धारित प्रवाह	**वास्तविक 2021-22**	**वास्तविक 2022-23**	**वास्तविक 2023-24**	**वास्तविक 2024-25**
जून	9.19	7.697	16.458	2.833	2.252
जुलाई	31.24	27.988	106.926	8.747	2.645*
अगस्त	45.95	22.641	223.557	19.995	
सितंबर	36.76	33.137	105.512	13.585	
अक्टूबर	20.22	48.274	120.764	12.844	
नवंबर	13.78	71.561	40.643	10.658	
दिसंबर	7.35	26.181	25.972	5.447	
जनवरी	2.76	6.433	7.375	2.615	
फ़रवरी	2.5	3.112	4.512	0.66	
मार्च	2.5	5.2146	4.305	0.94	
अप्रैल	2.5	5.8638	2.992	0.438	
मई	2.5	22.9583	8.467	2.656	
कुल	**177.25**	**281.058**	**667.483**	**81.418**	**4.897**

* 11/07/2024 तक

*****